सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी केकडी जिला अजमेर

## राजस्व प्रार्थना पत्र स0 20/2015

1. जवारा पुत्र कजोड़ जाति बैरवा
2. नारायण पुत्र कजोड जाति बैरवा
3. चतुर्भुज पुत्र हरदेव जाति बैरवा
4. मानी [illegible] धन्ना जाति बैरवा
5. [illegible] पत्नि [illegible] जाति बैरवा

निवासीगण धून्धरी तहसील केकड़ी, जिला अजमेर (राज.)

———प्रार्थीगण

♠बनाम♠

1. रामनिवास पुत्र लादू जाति ब्राहम्ण
2. दुर्गालाल पुत्र लादू जाति ब्राहम्ण
   2/1 श्रीमति गीता पत्नि स्वर्गीय दुर्गालाल
   2/2 रामरतन पुत्र स्वर्गीय दुर्गालाल
   2/3 दिलखुश पुत्र स्वर्गीय दुर्गालाल
   2/4 कान्ता पुत्री स्वर्गीय दुर्गालाल
   2/5 मधु पुत्री स्वर्गीय दुर्गालाल
   2/6 सीमा पुत्री स्वर्गीय दुर्गालाल
3. पारी बैवा भूरालाल जाति ब्राहम्ण
4. महावीर प्रसाद पुत्र भूरालाल जाति ब्राहम्ण
5. मुकेश पुत्र भूरालाल जाति ब्राहम्ण
6. लाला पुत्र हजारी जाति कहार
7. बंशी पुत्र स्व. हजारी जाति कहार
8. लक्ष्मण पुत्र श्री किशन जाति कहार
9. बाली पुत्री श्री किशन जाति कहार
10. गलकू पुत्री श्री किशन जाति कहार
11. रूकमा पुत्री श्री किशन जाति कहार
12. श्योजी पुत्र कालू जाति कहार
13. कमला बेवा सुगना जाति कहार
14. रामदेव पुत्र सुगना जाति कहार
15. बरदी पुत्री सुगना जाति कहार
16. भूरी पुत्री सुगना जाति कहार
17. रामकन्या पुत्री सुगना जाति कहार
18. पुष्पा पत्नि कैलाश जाति कहार
19. भूला पुत्री कैलाश जाति कहार
20. आशा पुत्री कैलाश जाति कहार
21. मीना पुत्री कैलाश जाति कहार
22. हंसराज पुत्र कैलाश जाति कहार
23. कस्तूरी पत्नि देवचन्द जाति ढोली
24. रामदेव पुत्र अर्जुन जाति बैरवा
25. हरिराम पुत्र अर्जुन जाति बैरवा
26. पवन पुत्र स्व. छगना जाति बैरवा
27. मनभर पत्नि स्व. छगना जाति बैरवा
28. सीता पत्नि स्व. गोपाल जाति बैरवा
29. सुनिता पुत्री स्व. गोपाल जाति बैरवा
30. पुखराज पुत्र स्व. गोपाल जाति बैरवा
31. दीपक पुत्र स्व. गोपाल जाति बैरवा
32. खुशीराम पुत्र स्व. गोपाल जाति बैरवा
    नाबालिग जरिये माता सीता पत्नि स्व. गोपाल जाति बैरवा
33. रामेश्वर पुत्र श्रीलाल जाति बोहरा
34. मुकेश कुमार पुत्र सोहनलाल जाति महाजन
35. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र रतनलाल जाति महाजन
    समस्त निवासीगण धून्धरी तहसील केकड़ी जिला अजमेर राज.
36. राज. सरकार जरिये तहसीलदार भू–अभि. केकड़ी जिला अजमेर राज.।

————अप्रार्थीगण

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 251–क राजस्थान काश्त. अधि. 1955

पीठासीन अधिकारी : श्री नीरज कुमार मीना (आरएएस)

निर्णय दिनांक 01.05.2018

पत्रावली आज केम्प कोर्ट न्याय आपके द्वार 2018 केम्प धून्धरी में पेश हुई। प्रार्थीगण/अप्रार्थीगण उपस्थित। संक्षेप में विवरण निम्नानुसार है–

प्रार्थीगण ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251–क राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत पेश कर निवेदन किया है कि प्रार्थीगण की प्रार्थनापत्र वर्णित आराजी वाके **ग्राम धून्धरी तहसील केकड़ी** के हाल ख.नं. 2418/1, 2422, 2418/2, 2422/2, 2418, 2422, 2416, 2417/1, 2425/2, 2417 मिन, 2423, 2424/1, 2425/1, 2458, 2424 मिन, 2425, 2456, 2457, 2458 जो कि प्रार्थीगण की खातेदारी की आराजी है उपरोक्त आराजी में जाने–आने का रास्ता वर्तमान खसरा नम्बर 2514, 2512, 2511, 2509, 2312, 2481, 2480, 2478, 2464, 2465, 2466 में होकर आता – जाता था किन्तु अप्रार्थीगण संख्या 1 से 35 ने उनकी आराजी के तारबन्दी कर रास्ते को बन्द कर दिया है तथा ताला लगा दिया है जिसके कारण प्रार्थीगण की आराजी में जाने – आने का रास्त बन्द हो गया है। रास्ता बन्द होने से प्रार्थीगण को अपनी खातेदारी की आराजी में आने–जाने में अप्रार्थीगण बाधा उत्पन्न करते है मना करने पर लडाई–झगडा करने पर आमादा हो जाते है रास्ता बन्द हो जाने से प्रार्थीगण की फसल लाने ले जाने में व बुआई करने में परेशानी होती है लिहाजा प्रार्थनापत्र स्वीकार फरमाया जाकर प्रार्थीगण को आने–जाने हेतु रास्ता दिलाया जावे तथा अप्रार्थीगण की आराजी में से जो 15 फुट चौडा रास्ता चाहा गया है जितनी भूमि रास्ते में आयेगी उसकी वर्तमान पंजीयन दर से प्रार्थीगण मालियत जमा कराने को तत्पर है।

इस बाबत प्रार्थीगण ने निम्न दस्तावेज पेश किये है–

1. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 227
2. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 226
3. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 458
4. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 558
5. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 519
6. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 640
7. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 714
8. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 260
9. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 535
10. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 331
11. नकल जमाबन्दी ग्राम धून्धरी संवत 2069–72 खाता संख्या 559
12. नक्शा ट्रेस
13. सिविल न्यायाधीश केकड़ी के दीवानी वाद संख्या 144/13 उनवानी ज्वारा बनाम रामेश्वर के निर्णय दिनांक 05.02.2015 अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 व 2 जा.दी. की छाया प्रति।

हमने प्रार्थीगण का प्राथनापत्र दर्ज मुकदमा रजिस्टर किया। अप्रार्थीगण की ओर से श्री हेमन्त जैन एवं श्री अशोक पालीवाल एडवोकेट ने पावर पेश किया। जवाब हेतु समय चाहा गया जो समय दिया गया। अप्रार्थीगण को दिनांक 06.08.2015 से अब तक कई मौके दिये गये किन्तु अप्रार्थीगण ने प्रकरण में कोई जवाब आदि पेश नही किया। दिनांक 26.08.2016 को प्रार्थीगण की ओर से श्री इमदाद अली एडवोकेट ने पावर पेश किया। अप्रार्थी संख्या 2 फोत होने से उनके वारिसान को रिकॉर्ड पर लिया गया। अप्रार्थी संख्या 3 से 8, 10, 13, 14, 18, 20, 21, 23 से 25, 28 से 32 तथा अप्रार्थीगण 9, 10से 12, 15 से 17, 19, 22, 26, 27, 33 से 35 ने प्रार्थीगण को 15 फुट रास्ता दिये जाने में बतौर सहमति के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये है जो शामिल पत्रावली किये गये। प्रकरण में तहसीलदार केकड़ी द्वारा दिनांक 04.11.2015 व 16.08.2016 को विवादग्रस्त रास्ते बाबत रिपोर्ट पेश की है जो मय नजरी नक्शे के शामिल पत्रावली है किन्तु प्रकरण में पूर्व में दो मौका रिपोर्ट होने से तथा दोनो में पृथक – पृथक रिपोर्ट होने से दिनांक 30.04.2018 मौका देखा गया व मौका रिपोर्ट तैयार की गई उक्त मौका रिपोर्ट पत्रावली में शामिल की गई जिसमें हल्का पटवारी व गिरदावर के व तहसीलदार केकड़ी हस्ताक्षर अंकित है जिसमें विवरण निम्न प्रकार प्रस्तुत किया है–

ग्राम धून्धरी के खसरा नम्बर 2422, 2417, 2418, 2423 , 2425, 2457, के मौके पर पंहूच कर मौका निरिक्षण किया गया जिसमें प्रार्थीगण ज्वारा वगै. ने खसरा नम्बर 2514,2512,2511,2509,2312,2480,2464,2466 में से रास्ता चाहा गया है। उक्त खसरा नम्बर मे से अप्रार्थीगण ने वादीगण को सहमति जाहिर की है। खसरा नम्बर 2512,2514,2511 में से रास्ता वाद संख्या 21/2015 व खसरा नम्बर 2509,2312 में से रास्ता वाद संख्या 22/2015 में प्रस्तावित है। इस प्रकार वादीगण द्वारा चाहा गया रास्ते का विवरण जिसकी डीएलसी की दुगनी राशी प्रार्थीगण द्वारा जमा कराई जावेगी जिसका विवरण निम्न प्रकार है–

| क्र. सं. | नाम खातेदार | खसरा नम्बर | रकबा | किस्म | रास्ते में जाने वाला क्षेत्रफल | कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रतनलाल पुत्र रामदेव बैरवा | 2480 | 0.27 में से | जा.2चा.2 | 296 व.मी | 6808 x 2 = 13616/– |
| 2 | मुकेश पुत्र सोहनलाल महाजन | 2464 | 0.42 में से | चा.3जा.3 | 400 व.मी. | 9200 x 2 = 18400/– |
| 3 | रामेश्वर पुत्र श्रीलाल पालीवाल | 2466 | 0.25 में से | चा.3 | 368 व.मी. | 8464 x 2 = 16928/– |
| कुल रास्ते हेतु चाहा गया रकबा एवं कीमत | | | | | 1064 व.मी. | 48944/– |

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। उपस्थित पक्षकारान को सुना। अप्रार्थीगण के सहमती पत्र व प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थीगण का प्रार्थनापत्र प्रेमापेसाई केस होने से प्रार्थना पत्र का संतुलन प्रार्थीगण के पक्ष में होना पाया जाता है।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 251 क वाके ग्राम धून्धरी तहसील केकड़ी जिला अजमेर के हाल खसरा नम्बर 2480, 2464, 2466 की आराजी में से कुल रकबा 1064 व.मी. रास्ता दिये जाने बाबत स्वीकार किया जाकर तहसीलदार केकड़ी को मौका कमिश्नर नियुक्त कर निर्देशित किया जाता है कि वे उपरोक्तानुसार प्रार्थीगण द्वारा रास्ते हेतु डीएलसी दर से कीमत राशि जमा राजकोष कराने पर प्रस्तुत मौका रिपोर्ट के साथ संलग्न नक्शा ट्रेस में दर्शित लाल स्याही की तरमीम के अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में रास्ते की तरमीम कर पालना रिपोर्ट न्यायालय हाजा में अन्दर 15 योम में पेश करें। उक्त रास्ता सभी के उपयोग उपभोग में लिया जावेगा। अन्य काश्तकार जिनके आगे भी खेत है उनके भी काम में लिया जावेगा। पत्रावली फेसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

आदेश आज दिनांक 1.5.2018 को पृथक से लिखा जाकर केम्प कोर्ट न्याय आपके द्वार केम्प धुन्धरी में मजमें आम में सुनाया गया व शामिल पत्रावली किया गया ।

उपखण्ड अधिकारी
केकडी